राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

क्रमांक 699 दिनांक 1.9.15

निविदा संख्या – 1/2015–16

राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सीलबन्द निविदायें नियमानुसार मण्डल में पंजीकृत व अन्य विभागों के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र के साथ पंजीकरण की सत्यापित छायाप्रति, बिक्रीकर की सत्यापित छायाप्रति एवं केन्द्रीय उत्पाद विभाग में सर्विस टैक्स हेतु पंजीयन के प्रमाण पत्र की छायाप्रति तथा विभिन्न विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को उचित कार्य रिपोर्ट पाये जाने पर 2 प्रतिशत एवं राजस्थान आवासन मण्डल में पंजीकृत ठेकेदार द्वारा 1/2 प्रतिशत अमानत राशि का पे ऑर्डर आवासीय अभियन्ता, खण्ड नवम्, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर के पक्ष में देय होगा, प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। निविदा दिनांक 07.09.2015 से 07.10.2015 को सांय 6.00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 08.10.2015 को दोपहर 2.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन दोपहर 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। निविदाऐं प्राप्त करने व खोलने के कार्य दिवस पर अवकाश होने पर उसके अगले कार्य दिवस पर उपरोक्त कार्यक्रमानुसार ही निविदाऐं प्राप्त की जाकर खोली जायेगी।

क्रं सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)	निविदा शुल्क	अवधि
1.	मानसरोवर योजना, जयपुर में रामकृष्ण अपार्टमेंट मध्यम आय वर्ग "ब" (एस+9) 126 फ्लैट्स PEALPE pipe joints की मरम्मत का कार्य।	4.68	500.00	4 माह

नोट :– 1. कोई भी निविदा अथवा समस्त प्राप्त निविदा बिना कारण बताये निरस्त की जा सकती है। 2. राजस्थान आवासन मण्डल में भविष्यनिधि/सेवा कर अधिनियम के प्रावधान के अनुसार दायित्व ठेकेदार को वहन करना होगा। 3. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। 4. अन्य विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों को निविदा सक्षम अधिकारी की अनुमति पर ही जारी की जायेगी।

आवासीय अभियन्ता
राजस्थान आवासन मण्डल
खण्ड नवम्, जयपुर